कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री घनश्याम मीना पुत्र श्री हरचन्दा मीना निवासी ग्राम नयावास तहसील राहुवास जिला दौसा राज0–303303

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार राहुवास जिला दौसा

अपील संख्या 96/2021

निर्णय दिनांक 06.01.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार राहुवास से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार राहुवास को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार राहुवास से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार राहुवास जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्र कमांकःडीएम कोर्ट/2021/2849 दिनांक 09.12.2021 एवं स्मरण पत्र कमांकः 2924 दिनांक 27.12.2021 के द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार राहुवास दौसा जिला दौसा द्वारा पत्र कमांकः भू0अ0/2021/347 दिनांक 16.12.2021 द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को दिनांक 8.11.2021 को ही सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा